भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. +*171

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

जौनपुर में पर्यटन को बढ़ावा देना

+*171. श्री श्याम सिंह यादवः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने हेतु चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) जौनपुर जिले में कौन-कौन से स्थानों का चयन पर्यटक स्थलों के रूप में किया गया है तथा किन-किन स्थानों पर विकास कार्य किए जा रहे हैं; और

(ग) सरकार द्वारा जौनपुर के लिए जून, 2019 से आबंटित और जारी की गई धनराशि तथा व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

जौनपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*171 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) : पर्यटन मंत्रालय एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है । देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के अंतर्गत घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । इसके अतिरिक्त भारत तथा विदेशों में स्थित भारतपर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों की पर्यटन क्षमता के प्रदर्शन के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं । मंत्रालय की वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी संवर्धन का कार्य किया जाता है ।

(ख) : पर्यटक स्थलों के रूप में विकास हेतु स्थानों का चयन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियां आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति और योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

(ग) : जून, 2019 से जौनपुर के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोई निधि जारी नहीं की गई है ।

*****